
# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 26.7.21 से 31.7.21)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वन महोत्सव कार्यक्रम

(दिनांक 25.07.21)



**विषय: वन महोत्सव कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत अपने चण्डीगढ़ स्थित निवास पर पौधा लगाकर की इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सभी लोगों को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और न केवल लगाने बल्कि पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करने का भी आवहान किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने और पर्यावरण के सरंक्षण की दिशा में काम करने का संकल्प लेने को कहा।

## खरीफ फसल खरीद के संबंध में


(दिनांक 25.07.21)

**विषय: खरीफ फसल खरीद के संबंध में।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने खरीफ की फसल की बुआई और उसकी खरीद की पूर्व तैयारियों की संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य विषय बाजरे की खरीद से संबंधित था। जिसमें निम्न निर्णय लिए गए:–

- बाजरे के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।
- अधिकारियों द्वारा सर्वे के माध्यम से बाजरे की असल बुआई की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।





# साप्ताहिक सूचना पत्र

- बाजरे की खरीद के संबंध में योजना बनाई जाएगी जिससे राजस्थान या अन्य प्रदेशों के किसान हरियाणा में बाजरा न बेच सकें।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेरा पानी मेरी विरासत याजे ना के तहत पानी बचाने और धान न बोने के लिए भी लोगों को जागरूक करने के लिए अधिकारियों को व्यापक कार्यक्रम करने के और योजना बनाने के निर्देश दिए।

## जर्मन एम्बेसडर वॉलटर जे लिंडर से भेंट वार्ता

(दिनांक 26.07.21)






**विषय: जर्मन एम्बेसडर वॉलटर जे लिंडर से भेंट वार्ता।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज जर्मन राजदूत के साथ भेंट की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन्हें हरियाणा की विभिन्न योजनाओं जिसमें परिवार पहचान पत्र, मेरा पानी मेरी विरासत, मेरी फसल मेरा ब्यौरा और नवीनिकरण उर्जा के क्षेत्र करे लेकर बातचीत हुई।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिस्टर सिटी (जर्मनी और हरियाणा के शहरों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने), भाषा कार्यक्रम और Student exchange programme (विद्यार्थी टूर) का सुझाव जर्मन राजदूत के सामने रखा जिसे न केवल उन्होंने सराहा बल्कि इस पर जल्द से जल्द काम करने की सहमति भी दी। इस प्रोग्राम के शुरू होने पर हरियाणा को अपनी संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने में मदद मिलेगी और हरियाणा के युवाओं को विदेशों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## आयुष्मान भारत योजना
(दिनांक 26.07.21)



**विषय: आयुष्मान भारत योजना।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की जिसके तहत निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

- ऐसे सभी परिवारों को जिनसकी आय 1 लाख 80 हजार से कम है और वह भारत सरकार की आयुष्मान योजना में नहीं है उन्हें हरियाणा सरकार आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा का लाभ देगी।
- इसके तहत प्रीमियम सरकार द्वारा भरा जाएगा और ईलाज की सीमा 5 लाख वार्षिक होगी।
- सभी सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाएगा जिसके तहत वह अपने और अपने परिवार का 3 लाख रूप्ये तक का ईलाज करा सकेंगे।
- हरियाणा के सभी एफिलिएटेड पत्रकारों को भी कर्मचारियों की तहत कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ–2 सभी स्वतंत्रता सैनानियों को भी कैशलेस स्वास्थ्य बीमा की श्रेणी में जोड़ा गया है।
- इस योजना से उन लाखों गरीब परिवारों को भी होगा जो आयुष्मान भारत योजना में नहीं आते हैं और पैसों के अभाव में अपना ईलाज नहीं करवा पाते हैं।


## हिसार एयरपोर्ट कार्य समीक्षा
(दिनांक 26.07.21)



**विषय: हिसार एयरपोर्ट कार्य समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हिसार एयरपोर्ट के चल रहे कार्यों की समीक्षा की जिसके तहत निम्न निर्णय लिए गएः–


- एयरपोर्ट के काम के लिए जल्द से जल्द टेंडर किया जाए और कार्य की शुरूआत हो।
- हिसार एयरपोर्ट से दिल्ली तक 160 कि.मी. प्रति घंटे की आधूनिक रेलवे लाइन बिछाकर इसे दिल्ली से जोड़ा जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- हिसार एयरपोर्ट को कार्गो और मालवाहक जहाजों के आने जाने की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।
- इस कड़ी में सबसे अहम फैसला जो माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लिया गया वह हिसार एयरपोर्ट के नामकरण का था जिसके तहत हिसार एयरपोर्ट का नाम 'महाराजा अग्रसेन जी' के नाम पर होगा।

## अंतरराष्ट्रीय गन्नौर मण्डी
(दिनांक 26.07.21)



**विषय: अंतरराष्ट्रीय गन्नौर मण्डी।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय गन्नौर मण्डी प्रोजेक्ट की समीक्षा की और इसमें आज रही अड़चनों को जानकर उनका समाधान करने का निर्देश दिया।

साथ ही 7 दिनों के अंदर–2 अड़चनों को हल कर टेंडर प्रक्रिया को शुरू करने का निर्देश भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को दिया।


## हुडांई कॉरपरेट ऑफिस का उद्धाटन
(दिनांक 27.07.21)

**विषय: हुडांई कॉरपरेट ऑफिस का उद्धाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम में हुंडाई मोटर्स के कॉरपरेट ऑफिस का उद्धाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हुंडाई के के कॉरपरेट ऑफिस विस्तार के लिए उन्हें बधाई दी और साथ ही यह आफिस खोलने के लिए हरियाणा को चुनने के लिए सभी हरियाणा वासियों की और से उन्हें धन्यवाद भी दिया।



इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हुंडाई के हरियाणा में आने से न केवल व्यापार और इण्डस्ट्री को आगे बढ़ाने में बल मिलेगा बल्कि इसके साथ ही साउथ



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कोरिया के साथ हरियाणा के संबंध भी मजबूत होंगे और यह संबंध न केवल G to G Government to Government बल्कि H to H अर्थात Heart to Heart होंगे।

## पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के साथ बैठक

(दिनांक 27.07.21)

**विषय: पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के साथ बैठक।**



**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में केंन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु तथा श्रम एंव रोजगार मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी के साथ बैठक कर हरियाणा से संबंधित विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा की जिसमें सबसे अहम NCR में आने वाले हरियाणा के 8 जिले जहां CNG, PNG व LPG की पाईप लाइन नहीं पहुंची है वहां उद्योगों को पार्यवरणीय अनाप्पति प्रदान करने की छूट अभी जारी रहेगी। इसके साथ ही हरियाणा में काफी लंबे समय से स्थापित विभिन्न फार्मल्डीहाइड औद्योगिक इकाईयों को पर्यावरण संबंधी अनाप्पति भी शीध्र प्रदान की जाएगी।

## रेल मंत्रालय के साथ बैठक


(दिनांक 27.07.21)



**विषय: रेल मंत्रालय के साथ बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा की विभिन्न रेल परियोजनाओं को गति देने के लिए दिल्ली में रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात की। जिसमें निम्न महत्वपूर्ण योजनाओं पर सहमति बनी।

- पश्चिमी यमुना नहर के साथ करनाल–यमुनानगर रेलमार्ग बनाया जाएगा।
- रोहतक और कुरूक्षेत्र की भांती कैथल में भी एलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- दिल्ली–हिसार रेलमार्ग प्रोजेक्ट जो (180 कि.मी घंटे की क्षमता से युक्त होगा) के लिए योजना बनाई जाएगी।
- कुंडली–मानेसर–पलवल एक्सप्रेस वे के साथ बनने वाले 121.7 कि.मी लबें हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरेडोर की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री जी से रखने का अनुरोध किया जाएगा।

## इंडियन इंस्टीटृयूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के युवाओं से मुलाकात

(दिनांक 27.07.21)

**विषय: इंडियन इंस्टीटृयूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के युवाओं से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा भवन दिल्ली में रामबाहू महाल्गी प्रबोधिनी, मुंबई द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के युवाओं से भेंट की तथा विभिन्न राजनितिक आरै सामाजिक मदुदों पर उनसे चर्चा की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देकर राष्ट्र निमार्ण में उनकी भूमिका सुनिष्चित करना पूरे समाज का कर्तव्य है साथ ही युवाओं को भी जोश के साथ–2 अनुभव की भी जरूरत होती है जिसके लिए उनका कोई गुरू अथवा मार्गदर्शक जरूर होना चाहिए तभी वह सही दिशा में और राष्ट्र निर्माण में कार्य कर सकेंगे।

## मीडिया कर्मियों द्वारा मुख्यमंत्री जी का आभार समारोह


(दिनांक 27.07.21)



**विषय: मीडिया कर्मियों द्वारा मुख्यमंत्री जी का आभार समारोह।**

**प्रभाव:** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा के मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की भांती स्वास्थ्य बीमा सुविधा का लाभ प्रदान किए जाने पर हरियाणा भवन नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों की और से आयोजित 'आपका आभार' कार्यक्रम में इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मीडिया कर्मियों के कार्य और परिस्थिति को देखते हुए उनके और उनके परिवार के लिए स्वास्थ्य बिमा की आवश्यकता



# साप्ताहिक सूचना पत्र

थी फिर भी वह दुआ करते हैं कि इस बिमा योजना का लाभ कमी किसी मीडिया के हमारे भाई बंधू और उनके परिवार को न लेना पड़े। सभी स्वस्थ रहें और खुश रहें।

## महेन्द्रगढ़ प्रवास

(दिनांक 28.07.21)



**विषय: महेन्द्रगढ़ प्रवास।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने महेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान कोरियावास में बन रहे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने महेन्द्रगढ़ जिला कार्यकारणी की बैठक में भी भाग लिया और कोरोना के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्य और सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और आगे भी जनसेवा में लगे रहने का आवहान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पार्टी के कार्यकर्ता री दयाराम जी के यहां भोजन किया और उनका हालचाल जाना।

## रेवाड़ी प्रवास


(दिनांक 28.07.21)

**विषय: रेवाड़ी प्रवास।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने रेवाड़ी प्रवास के दौरान जिला कार्यकारणी की बैठक में भाग लिया और सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कोरोना में जान गवाने वाले लोगों को श्रृद्धांजली अर्पित की और इस दौरान जनसेवा के कार्य में लगे रहें सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं PPP, MFMB, MPMV आदि की जानकारी भी दी और रेवाड़ी जिले में चल रहे 850 करोड़ के कामों



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की प्रगति भी लोगों को बताई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रेवाड़ी को किसी भी रूप में गुरूग्राम से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

## लेंड पूलिंग पॉलिसी

(दिनांक 29.07.21)

**विषय: लेंड पूलिंग पॉलिसी।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों से संबंधित भूमि अधिग्रहण और खरीद संबंधी नियमों और योजना की समीक्षा की तथा सभी विभागों के लिए एक और समान पॉलिसी बनाने का निर्णय लिया। साथ ही किसानों के साथ मिलकर इण्डस्ट्री सेन्टर डेवलप करने के लिए प्राफिट शेयरिंग पार्टनरशिप और अन्य विकल्पों पर विचार कर जल्द से जल्द इस संबंध में योजना बनाने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री जी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ


(दिनांक 29.07.21)



**विषय: प्रधानमंत्री जी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे। प्रधानमंत्री जी ने नई शिक्षा नीति को शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया जो भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने में मदद करेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## HPSC मेंबर का शपथ ग्रहण समारोह।

(दिनांक 30.07.21)

**विषय:** HPSC मेंबर का शपथ ग्रहण समारोह।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने राजभवन हरियाणा में नए HPSC मेंबर श्री आनंद शर्मा जी के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होकर उन्हें शुभकामनाएं दी। आदरणीय मेंबर श्री आनंद शर्मा जी को शपथ महामहिम राज्यपाल महोदय जी द्वारा दिलवाई गई।

## नई शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ

(दिनांक 30.07.21)

**विषय:** नई शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ।




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला से नई शिक्षा नीति 2020 को हरियाणा में लागू करने की शुरूआत की। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षा विद NGO शिक्षक विद्यार्थी और अधिकारियों के साथ–2 राष्ट्रीय शिक्षण संगठन से मुकूल कानिटकर जी भी जुड़े रहे जिनका इस नई शिक्षा नीति को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसे बनाने वाले और साथ ही लागू करने के लिए कार्य करने वालों को बधाई और शुभकामना दी। साथ ही हरियाणा के लिए 2025 तक इसे पर्णू रूप से लागू करने का लक्ष्य भी रखा।

## अग्रवाल समाज धन्यवाद समारोह

(दिनांक 30.07.21)



**विषय:** अग्रवाल समाज धन्यवाद समारोह।

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हिसार एयरपोर्ट का नाम 'महाराजा अग्रसेन जी' के नाम पर रखने पर समस्त अग्रवाल समाज के सदस्यों द्वारा आज चण्डीगढ़ में मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में अपने बाप दादाओं के नाम पर संस्थाओं का नाम रखने का समय चला गया। जब तक हमारे हाथ में निर्णय लेने की ताकत है हम महापुरूषों के नाम पर ही संस्थाओं के नाम रखेगें और उन्हीं के मार्ग पर आगे चलेगें।